ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Dr. Surendra P. Gadewar
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

क्रमांक: 104/IQAC/PBAS/2026-27/110/811

दिनांक : 02.11.2026

अधिसूचना

विषय: शैक्षणिक सत्र 2025-26 के PBAS आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करने एवं अग्रेषित करने के संबंध में।

दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को सम्पन्न आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की 21वीं बैठक के मद संख्या 05 में लिए गए निर्णय के अनुसरण में विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए Performance Based Appraisal System (PBAS) के अंतर्गत आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाने हेतु पोर्टल खोला जा रहा है। आवेदन प्रस्तुत करने की अवधि **02 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026** तक निर्धारित की गई है।

अतः विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों को निम्नलिखित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया जाता है:

1. संबंधित संकाय सदस्य Performance Based Appraisal System (PBAS) आवेदन के Part-A एवं Part-B में अपेक्षित विवरण पूर्ण रूप से भरते हुए, निर्धारित प्रारूप के अनुसार आवश्यक साक्ष्य संलग्न कर समर्थ पोर्टल पर दिनांक **30 नवंबर 2026** तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन प्रस्तुत (Submit) करें।

2. समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध Performance Based Appraisal System (PBAS) आवेदन के Teaching Details (बिंदु 03) के अंतर्गत दिए गए कॉलमों के Claim Score Box में **0 (शून्य)** अंक भरा जा सकता है। इस प्रविष्टि को समर्थ प्रणाली की मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जाता है। अतः इस संबंध में आवेदकों को अनावश्यक रूप से चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

3. संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक आवेदक द्वारा प्रस्तुत Performance Based Appraisal System (PBAS) आवेदन एवं उसके साथ संलग्न साक्ष्यों का जांच/परीक्षण करेंगे। जांचोपरांत समर्थ पोर्टल में उपलब्ध Remarks Text Box में Part-A एवं Part-B के संबंध में पृथक-पृथक उपयुक्त टिप्पणी (Good/Satisfactory/Not Satisfactory) अंकित करते हुए आवेदन को संबंधित अधिष्ठाता को **15 दिसंबर 2026** तक अग्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

4. यदि आवेदन अथवा संलग्न साक्ष्यों में कोई विसंगति अथवा त्रुटि पाई जाती है, तो संबंधित विभागाध्यक्ष/निदेशक समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन आवेदक को वापस कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में आवेदक संबंधित विसंगतियों/त्रुटियों का निराकरण करते हुए निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन पुनः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। विभागाध्यक्ष/निदेशक आवेदन के परीक्षण के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आवेदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर पुनः प्रस्तुत किया जा सके।

02/11/2026

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, वेबसाइट/**Website:** www.hindivishwa.org

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार
कुलसचिव (कार्यवाहक)
Dr. Surendra P. Gadewar
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone/✆ : +91-7152-230902

5. विभागाध्यक्ष/निदेशक द्वारा अग्रेषित Performance Based Appraisal System (PBAS) आवेदनों का संबंधित अधिष्ठाता परीक्षण करेंगे तथा अपनी संस्तुति/टिप्पणी सहित उन्हें आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) को दिनांक **30 दिसंबर 2026** तक अग्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

6. समस्त संबंधित शिक्षक, विभागाध्यक्ष/निदेशक एवं अधिष्ठाता निर्धारित समय-सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करें, ताकि Performance Based Appraisal System (PBAS) आवेदनों के परीक्षण एवं अग्रिम कार्यवाही की प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूर्ण की जा सके।

यह अधिसूचना/परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

02/11/2026
(डॉ. सुरेन्द्र पी. गादेवार)

प्रतिलिपि:

1. कुलपति सचिवालय, सूचनार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता, विद्यापीठ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक, विभाग/केंद्र।
4. निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC)।
5. प्रभारी, लीला विभाग – विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
6. समर्थ पोर्टल प्रभारी – आवश्यक तकनीकी कार्यवाही हेतु।
7. कार्यालय प्रति।

पोस्ट – हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post - Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
ई-मेल/E-mail/✉: registrar@mgahv.in, **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org